## महत्वपूर्ण एवं खास

### चलते-चलते....



रायगढ़। विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि भारतीय जनता पार्टी ने वर्तमान विधायक रोशनलाल अग्रवाल को इस बार होने वाले चुनाव हेतु पुनः अपना उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा पार्टी की तरफ से नहीं हुई है, लेकिन न्याय साक्षी को मिली जानकारियों से उक्त खबर आने वाले समय में उचित पाये जाने की संभावना है।

### रामलीला मैदान में हुआ ऐतिहासिक रावण दहन

रायगढ़। असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के विजय के रुप में मनाया जाने वाला विजयादशमी का पर्व शहर में शुक्रवार को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा पर्व के अवसर पर शहर में रामलीला मैदान में रावण दहन किया गया। इस दौरान 15 हजार से अधिक की संख्या में भीड़ उमड़ी थी। रामलीला मैदान लगातार में 52 वर्षो रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। वही दहशहरा के दिन यहां लगने वाले मेले में शहर में सबसे ज्यादा भीड़ यहीं होती है। यहां आयोजित भव्य रावण दहन को देखने के लिये हजारों की संख्या मे लोग जुटते हैं और सभी श्रद्धालु दशहरा उत्सव तथा भव्य आतिशबाजी का लुत्फ उठाते हैं। विजयादशमी पर्व से शहर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 9 दिनों तक रामलीला का मंचन किया गया।

### गरियांबदः मिट्टी से ढकी हुई मिली 9 साल मासूम बच्ची की लाश

गरियांबद। जिला मुख्यालय में उस वजत सनसनी फैल गई जब जिला मुख्यालय से करीब 2 किलोमीटर दूर घने जंगलो के बीच एक 9 साल मासूम बच्ची की लाश मिट्टी से डंका हुआ मिला। हत्या कर दफना दिया गया था मिली जानकारी के अनुसार जिस बच्ची की लाश मिली है वह दर्रा पारा की रहने वाली दामनी बघेल है जो अपने घर से कल 12 से लापता थी, इसकी जानकारी पुलिस को हुई और कल से ही संघन तलासी में जुट गई थी। डॉग स्कॉट के मदद से बची की लाश गहने जंगल और बच्ची के घर से लगे पहाड़ पर के नीच मिली जिसको हत्या कर दफना दिया गया था। जब दफ़यान बच्ची की लाश को निकाला गया तो बच्चो का सर पूरी तरह कुचला हुआ था और बदन पर कुछ मामलू कपड़ा था। घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडेय पहुची और घटना की बारीकी से जांच में जुट गई है नेहा पांडेय ने कहा कि अभी पोस्टमार्डम के बाद ही मौत का असल वजह साफ होगा।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल का सोनोग्राफी सेंटर में पार्ट टाइम डॉक्टर

रायगढ़। मेडिकल कालेज अस्पताल में मरीजों को सोनोग्राफी कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। यहां एक दिन में मात्र 15-20 लोगों की ही सोनोग्राफी हो पाती है। जिससे मरीज व उसके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि यहां अब तक एक भी डॉक्टर की पदस्थापना नहीं की गई है। यह सोनोग्राफी सेंटर शुरूआत से ही पार्ट टाइम डॉक्टर के भरोसे संचालित हो रहा है। मेडिकल कालेज अस्पताल में कहने को तो नई सोनोग्राफी मशीन लगा दी गई है, लेकिन डाक्टर की कमी होने के कारण इसका खामियाजा मरीजों व उसके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। इस संबंध में घरघोड़ा से आई मरीज सुकांती बंजारे ने बताया कि उसकी डिलीवरी का समय नजदीक आ गया है। इस कारण वो लगातार अस्पताल के चक्कर काटने को मजबूर है। सुकांती अपने परिजनों के साथ गत सात अक्टूबर को चेकअप के लिए अस्पताल आई थी। इस दौरान डाक्टरों द्वारा जांच करने के बाद बताया गया कि पहले सोनोग्राफी करा कर आओ क्योंकि अब डिलीवरी का समय आ गया है।

# मुझे अकारण पृथक कर अनावश्यक सेवा से वंचित किया गया था

# अब हो रही है न्याय की जीत की खुशी - खुशमारदन

## सामाजिक न्याय संघ की एक और कार्यवाही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत नियुक्ति सम्बंधी मामला

**संदर्भः कार्यालय कलेक्टर जिला जशपुर छ.ग. के आदेश क्र./1761/जि.पं./स्था./ मनरेगा/ 2012 के सापेक्ष में संस्थित।**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**



शासन से मान्यता प्राप्त सामाजिक न्याय संघ के समक्ष प्रस्तुत किए गए अपने आवेंदन में, खुशमारदन लकड़ा आ. अबदिया लकड़ा, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम तुमला, पो. तुमला, तहसील फरसाबहार, जिला जशपुर छ.ग., ने कहा कि, मैं उक्त पते पर रहता हूं और मुझे दिनांक 27/ 11/ 2012 को के कार्यालय कलेक्टर जिला जशपुर छ.ग. के आदेश क्र./1761/ जि.पं./ स्था./ मनरेगा।/ 2012 के अनुसार ग्राम कुडबहाल डाकघर तुमला तह. फरसाबहार जिला जशपुर छ.ग. में लेखापाल के पद पर पदस्थापना, कार्यालय बगीचा के तहत् नियुक्त किया गया था।

कहा कि, मैं उक्तानुसार कार्यरत था, दिनांक 01/03/2013 से 28/02/ 2014 तक के लिए मुझे सेवावृद्धि प्रदान की गई थीं, जिसके बाद कार्यवृद्धि प्रदान नहीं की गई, लेकिन मैने 18/07/2014 तक कार्य किया, जिसका वेतन भी मुझे आज दिनॉक तक भुगतान नहीं किया गया। मुझे 18/07/2014 को सेवा से पृथक




कर दिया गया, जो कि न्यायोचित नहीं है क्योकि इस सेवाकाल में मुझे शासन के नियमों के तहत् भुगतान प्राप्त होता रहा, और मेरे विरुद्ध अथवा मुझे नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कोई भी अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गई, जिससे स्पष्ट है कि मेरी नियुक्ति वैधानिक रीति से हुई थीं।

कहा कि, विदित हो कि यह योजना शासन की थी, जिसके सम्बंध में शासन के नियमानुसार एवं शासन के आदेश के पालनार्थ नियुक्तियॉ की गई थी, स्पष्ट है कि मैं शासन का कर्मचारी था, और मुझे शासन के नियमानुसार भुगतान प्राप्त होता था।

यह भी कि उक्त रिक्तियों के लिए मैं उचित तरीके से चयनित होकर आया था, और मैंने अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाया, जो कि इस कथन से भी प्रमाणित है कि मुझको किसी कारण बताओं सूचना अथवा किसी शासन के आदेश की अवहेलना हेतु नहीं निकाला गया है। अतः यह आवेदन न्याय हेतु आपके समक्ष सामाजिक न्याय संघ में प्रस्तुत कर रहे है, ताकि न्याय प्राप्ति हो सके।

कहा कि, मुझे दिनांक 18/07/2014 को अचानक मेरी सेवा एवं कार्य ये पृथक कर दिया गया, विदित हो कि मेरे विरुद्ध कभी भी कोई भी अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं हुई और नाही मुझे कभी भी कोई भी कारण बताओं नोटिस् मिली है। मैंने अपनी सेवाए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से की और उसके बाद मुझे मेरी सेवा से पृथक कर देना न्यायोचित नहीं है। जिस हेतु मुझे यह आवेदन सामाजिक न्याय संघ के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता हुई।

**सामाजिक न्याय संघ ने कहा कि, माननीय उच्चतम् एवं उच्च न्यायालयों के विभिन्न आदेशों यह कहा गया है कि -किसी योजना के समाप्त होने पर सरकार कर्मियों की नौकरी समाप्त नहीं कर सकती, अपितु कार्य में लगे एवं प्रयुक्त उन कर्मचारियों को जो कि उक्त योजना के तहत् नियुक्त किए गए थें, को समायोजित करने की पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी, और सरकार इससे मुख फेर नही सकती है। जबकि इस प्रकरण में सरकार ने अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण नहीं किया, जो कि न्यायोचित नहीं होने से इस प्रकरण को पुनः अवलोकन किए जाने की आवश्यकता थीं, जो कि इस प्रकरण में नहीं की गई जिसके कारण उक्त प्रकरण को माननीय उच्चा-न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।**

**सामाजिक न्याय संघ ने पीड़ित के आवेदन पर तुरंत संज्ञान लेकर इस आवेदन को श्रीमान् राज्यपाल महोदय, राजभवन, मुख्यमंत्री महोदय, अजय चंद्राकर, कलेक्टर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुनकुरी, परियोजना अधि., एकीकृत बाल विकास परियोजना, तपकरा, सरपंच, ग्राम पंचायत, तुमला थाना तुमला, को भेजा गया था जिस पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण इस प्रकरण को माननीय उच्च-न्यायालय के समक्ष डब्ल्यू.पी.एस. 6234/ 2018 के तहत् प्रस्तुत किया गया, जिसपर माननीय न्यायालय ने जिला कलेक्टर के समक्ष आवेदक को स्वयं उपस्थित होकर अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर, आवेदक के क्लेम को न्यायोचित रीति से रूल्स- एवं रग्यूलेशन के तहत गौर करने का आदेश पारित किया है।**

### कलेक्टर आबिदी ने किया मतदान की दस बुराईयों वाले रावण का दहन





रायगढ़। दशहरे के अवसर पर कलेक्टर रायगढ़ ने आज एक अदभुत रावण का दहन कर मतदान की दस बुराईयों का अंत कर दिया मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मैरीन ड्राईव में कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने यह रावण का पुतला फूंका जो मतदान के 10 अवगुणों को दर्शाता था इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने सभी को असत्य पर सत्य की एवं अधर्म पर धर्म की जीत दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि आवाज जरूरी हैं अभियान के तारतम्य में प्रत्येक नागरिक का वोट बहुमूल्य है, जो लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। आने वाले विधानसभा निर्वाचन में आप सभी मतदान अवश्य करें और अपने जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि आईये हम सब मिलकर रावण रूपी दस अवगुणों का दहन करें, जिनकी वजह से हम मतदान नहीं कर पाते।

### 18 नाला के पास बाइक सवार युवकों को ट्रेलर चालक ने मारी ठोकर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

रायगढ़। आज सुबह रायगढ़ पुंजीपथरा रोड़ स्थित 18 नाला के पास एक तेज तफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दो युवकों को ठोकर मारते हुए उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में जहां एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद ट्रेलर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई और चालक वहीं वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम जांच में लिया है। मृतक का नाम संजय सारथी (27) बरमकेला के ग्राम तौंसीर निवासी बताया जा रहा है वहीं घायल युवक का नाम आशीष यादव बताया जा रहा है।

### श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में सिमोहल्लनघन पर्व पर महाप्रसाद वितरण

रायगढ़। जिस दरबार से कभी कोई खाली हाथ नहीं जाता, जहां मन की मुरादे हमेशा पूरी होती है,वो है कलयुग में साक्षात देव श्री पंचमुखी हनुमान साई दरबार एवं सिद्ध पिप्लाक्षय महादेव मंदिर में स्थापित श्री साई नाथ एवं संकट मोचन हनुमानजी जी अपने भक्तों का सदा सर्वदा कल्याण करते हैं और उनकी मांगी हुई कामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज दिनांक 19 अक्टूबर को प्रातः काल6.30 बजे से मंदिर के पट खुल कर रात्री 10 बजे मंदिर के पट बन्द होंयेगे। आज प्रातःकाल मे श्री साई बाबा का मंगल स्नान कर अलौकिक श्रृंगार कर महा आरती 8 बजे प्रारंभ हुए ,आरती के पश्चात श्री साई भक्तो के द्वारा लाये गए खिचड़ी प्रसाद का वितरण 11.30 बजे तक किया गया। 11.30 बजे श्री साई नाथ महाराज की मध्यान्ह आरती के प्रारंभ होते ही भक्तों को साई महाप्रसाद पूड़ी, सब्जी एवं बूंदी प्रशाद का वितरण प्रारंभ कर दिया गया जी की संध्या 4 बजे तक अनवरत रूप से भक्तों को मिल रहा है।




## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931